तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 14 जुलाई 2024

4
जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़े का जिला स्तरीय शुभारंभ



[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

## खबर संक्षेप

### जंगली सुअर के हमले से युवक घायल

**रायगढ़।** वन मंडल धरमजयगढ़ क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को जंगली सुअर के हमले से एक युवक घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब युवक जंगल की ओर पुटु बीनने गया था। सुअर के हमले में युवक के एक जांघ में चोट लगी है। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायल युवक को सीधे स्थानीय सिविल अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद युवक को अस्पलाल से रिलीव कर दिया गया है। इस मामले को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की दोपहर नरकालो गांव का डहरू राम उम्र 26 साल जंगल तरफ गया था। इसी दौरान उसका जंगली सुअर से सामना हो गया और सुअर ने युवक पर हमला कर दिया। इस घटना को लेकर अधिकारियों ने बताया कि हादसे के बाद घायल को उसके परिजन अस्पताल ले आए। उन्होंने इस संबंध में किसी भी जिम्मेदार को जानकारी नहीं दी। हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होने की जानकारी मिलने पर वन विभाग के जिम्मेदार घायल के घर मिलने पहुंचे और आवश्यक कार्यवाही शुरू की।

### बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आज

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को पूर्वान्ह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक संपन्न होगी। जिसके लिए रायगढ़ में 8 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इनमें परीक्षा केन्द्र 2401.शासण्नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़, 2402 किरोड़ीमल शाससकीय पॉलिटेक्नीक चक्रधर नगर रायगढ़, 2403 शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल चक्रधर नगर रायगढ़, 2404 शासकीय गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल कोष्टा पारा पुत्री शाला रायगढ़ 2405 शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जूटमिल रायगढ़, 2406 शासकीय हाईस्कूल केवड़ाबाड़ी रायगढ़, 2407.केएमटी शासकीय गर्ल्स कालेज रायगढ़ तथा 2408.शासकीय पीडी कामर्स कालेज कोतरा रोड रायगढ़ शामिल है। उक्त परीक्षा के लिए आब्जर्वर नियुक्त किए गए है जो परीक्षा केन्द्र में परीक्षा अवधि में सतत निगरानी रखेंगे।

### रायगढ़ इस्पात, जेसीआई का स्वास्थ्य शिविर 21 को

**रायगढ़।** रायगढ़ इस्पात एन्ड पावर प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य संचालन में जे सी आई द्वारा 21 जुलाई को शासकीय प्रायमरी स्कूल देलारी में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया हैण्ण इस चिकित्सा शिविर में घुटना कूल्हे का दर्द अकड़न पीठ और गर्दन में दर्द, रोटेटर कफ टूटना, क्रिकेट कोहनी, टूटी हुई डिस्क, वात रोग, फ्रेक्चर और टूटी हड्डिया फंसे स्नायु बंधन और मांसपेशिया, मांसपेशियों में मोच और खिचाव, हड्डी के ट्यूमर, आस्टीयोंपोरोसिस, स्कोलियोंसिस, कटिस्नायुशूल, कार्पल टनल, गोखरु, हाथ या पैर में कमजोरी या सुन्नता, मुहासा, एकजिमा, बालो का झड़ना, नाख़ून कवक, सोरायसिस, त्वचा कैंसर, रोसेसिया, स्त्री रोग, दंत रोग और त्वचा रोग से संबंधित सभी बीमारियों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जाएगा।

### सेवानिवृत्त टीआई के बेटे से लूट, थाने में शिकायत

**रायगढ।** शहर के पंजरी प्लांट निवासी सेवानिवृत्त टीआई झामलाल मार्को के बडे.बेटे दिलीप मार्को के साथ लूट और मारपीट की घटना घटित होने की सूचना मिली है। दो दिन पूर्व अपने गांव बाराद्वार से लौटते हुए रास्ते में टू व्हीलर का पेट्रोल खत्म होने के बाद सरवानी खरसिया के पास बोतल्दा राक गार्डन के करीब मदद के बहाने दो युवकों ने पहले एकांत में ले जाकर दिलीप मार्को से मारपीट की फिर जेब में रखे दो हजार रुपए और बाईक छीनकर फरार हो गए। दिलीप मार्को किसी तरह अपने घर रायगढ़ पंहुचा और परिजनों को जानकारी दी जिसके बाद थाने में लूट और मारपीट की शिकायती दर्जन कराई गई है।

## शिक्षकों के 1100 से अधिक पद रिक्त, शासन को भेजा गया प्रस्ताव

# 266 विद्यालयों में एकल शिक्षक बिना शिक्षक चल रहे 12 स्कूल

विशेषज्ञ शिक्षक अपने विषयों के अलावा अन्य विषयों को नहीं पढ़ा पा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में 266 विद्यालय एक ही शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। वहीं 12 प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय ऐसे हैं, जहां एक भी शिक्षक नहीं है। ऐसे में शिक्षा विभाग ने करीब 1100 से अधिक शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए शासन को प्रस्ताव भी भेजा है। किंतु अब तक शासन की ओर इस संदर्भ में कोई आदेश जारी नहीं किया गया है।

जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक प्राथमिक शालाओं में शिक्षकों की कमी बनी हुई है, जिसके बाद माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शालाओं में सेटअप के अनुसार शिक्षकों की कमी है। बता दें कि पूर्व में शासन ने सभी जिलों में विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्त पदों की जानकारी मांगी थी, ऐसे मे शिक्षा विभाग ने जिले के प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी शासन को भेजी थी, वहीं करीब 1100 से अधक रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर प्रस्ताव भी भेजा था। किंतु अब तक इन रिक्त पदों पर भर्ती के लिए शासन की ओर से कोई आदेश जारी नहीं होने की वजह से इन रिक्त पदों पर भर्तियां नहीं हो सकी है। अहम बात यह है कि जिले में इससे शासकीय विद्यालयों में जहां विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

विद्यालयों में रिक्त पदों पर भर्ती नहीं होने के कारण विषय विशेषज्ञ शिक्षक अपने विषयों के अलावा अन्य विषयों को भी नहीं पढ़ा पा रहे हैं। जो विद्यालय शिक्षक विहीन हैं, वहां सभी पाठ्यक्रम अधूरे ही रह जाते हैं, क्योंकि शिक्षक नहीं होने की वजह से समय पर कोर्स पूरा नहीं हो पा रह है। यही हाल एकल शिक्षक विद्यालयों का भी है। ऐसे में जानकारों की मानें तो पाठ्यक्रम पूरा नहीं हो पाने की एक बड़ी वजह यह भी है।




### फैक्ट फाइल

| विकासखंड | एक शिक्षकीय | शिक्षक विहीन |
|---|---|---|
| रायगढ़ | 09 | 0 |
| पुसौर | 15 | 0 |
| धरमजयगढ़ | 89 | 0 |
| घरघोड़ा | 20 | 0 |
| तमनार | 18 | 0 |
| खरसिया | 22 | 0 |
| लैलूंगा | 93 | 1 |

### लैलूंगा व धरमजयगढ़ में सर्वा एकल शिक्षक शाला

आंकड़ो की मानें तो जिले में सर्वाधिक एकल शिक्षक विद्यालय लैलूंगा तथा धरमजयगढ़ विकासखंड मे है। धरमजयगढ़ विकासखंड में जहां एकल शिक्षकीय विद्यालयों की संख्या 89 है तो वहीं लैलूंगा में इन विद्यालयों की संख्या 93 है। लैलूंग में एक माध्यमिक शाला शिक्षक विहीन है।

### कई विद्यालयों में अतिशेष शिक्षक

जानकारी के अनुसार जिले में 7 प्राथमिक शाला शिक्षक विहीन हैं, किंतु यहां निलंबित शिक्षकों की पदस्थ कर बहाल किया गया है। अब तक तीन शालाओं में शिक्षक भेजे गए हैं, जिसमें धरमजयगढ व खरसिया में 2 प्राथमिक शाला तथा वहीं कुछ शालाओं में अतिशेष शिक्षक हैं। उन्हें युक्तियुक्त कर एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में अटैच किया गया है।

### प्रयोगशाला में 68 शिक्षक की जरूरत

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शासन द्वारा शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले ही रिक्त पदों की जानकारी मांगी गई थी, जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों के रिक्त पदों की जानकारी के साथ ही 68 प्रयोगशाला सहायक शिक्षक की जानकारी भी भेजी गई है।

**जानकारी शासन को भेजी गई है**

जिले के एकल शिक्षकीय विद्यालय सहित शिक्षक विहीन विद्यालयो तथा शिक्षक के रिक्त पदों की जानकारी शासन को भेजी गई है, जहां से रिक्त पदों की भर्ती को लेकर आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

-टी एक्का, प्रभारी डीईओ



# शहर विकास के लिए 41 करोड़ के कार्यों को मंजूरी

■ एमआईसी की बैठक में 23 एजेंडा पर हुई चर्चा

**रायगढ़।** शुक्रवार की शाम 4 बजे से मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर श्रीमती जानकी काटजू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहर विकास से संबंधित 41 करोड़ रुपए से ज्यादा के कार्यों को स्वीकृत किए गए।

सबसे पहले इंदिरा गांधी वृद्धा, पेंशन, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन से संबंधित पात्र 141 हितग्राहियों के आवेदनों को स्वीकृति दी गई। इसी तरह परिवार सहायता के अंतर्गत 25 हितग्राहियों के आवेदनों को स्वीकृति दी गई। इसके बाद वार्ड 42 अमलीभौना प्राथमिक शाला से बाबा धाम मुख्य मार्ग तक 50 लाख की लागत से डामरीकृत सड़क निर्माण कार्य स्वीकृति दी गई। वार्ड क्रमांक 48 बाई चौक से शालिनी स्कूल तक डामरीकृत बोईरदादर चौक तक सड़क निर्माण 53 लाख 6 हजार की लागत से स्वीकृति दी गई। इसके बाद बेलादुला स्कूल से पीपल चौक तक डामरीकृत सड़क निर्माण 48 लाख 58 हजार की लागत से स्वीकृति दी गई। क्रेज़ी कास्ट फूड सेंटर से विजयपुर चौक से इंदिरा विहार चौक तक डामरीकृत सड़क निर्माण 86 लाख 94 हजार रुपए लगात की स्वीकृति दी गई। जिओमार्ट के सामने से हाउसिंग बोर्ड बिल्डिंग तक अतरमुड़ा रोड सड़क निर्माण 96 लाख 27 हजार की स्वीकृति दी गई। इसी तरह उर्दना रोड से छठवीं बटालियन ऑफिस तक डामरीकृत सड़क निर्माण 53 लाख 48 हजार की लागत से स्वीकृति दी गई। शहर के 9 विभिन्न डामरीकृत सड़कों की मरम्मत एवं निर्माण के लिए 470 लाख अधोसंरचना मद और विभिन्न वार्डों में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य के कुल 19 काम के लिए 607 लाख की पुष्टि की गई।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 15 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

■ सांसद राधेश्याम राठिया गणमान्य नागरिकों द्वारा उपहार भैंट शुभाशीष

**तमनार।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग तमनार घरघोडा के तत्वाधान में मंगलम तमनार में 13 जुलाई को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न समाज के 15 जोड़ों ने विवाह कर अपने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया, सामूहिक विवाह कार्यक्रम पूरे हिन्दू रीति अनुसार बड़े ही उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह में मुख्य अतिथि सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया जनपद अध्यक्ष सविता राठिया, सहोद्रा राठिया अन्य जनप्रतिनिधियों एवं तमनार तहसीलदार रिचा सिंह,जनपद सीईओ मदनलाल साहू, महिला बाल विकास विभाग के मरकाम मेडम अन्य अधिकारी कर्मचारी गण शामिल हुए। सांसद रायगढ़ राधेश्याम राठिया ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह में पहुचे सभी वर वधु को शुभकामनाएं देते कहाकि आप लोगो का जो विवाह हो रहा है वह सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है। आप सभी सौभाग्यशाली है कि मंगलम भवन में गायत्री परिवार द्वारा विधि विधान से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से विवाह संपन्न हो रहा है। उन्होंने नव दम्पत्तियों को सुख शांति समृद्धि की मंगल कामनाएं किये। केंद्र की मोदी व छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेंने प्रोत्साहित किया गया। सभी वर व कन्या पक्ष द्वारा विवाह सामग्रियां व उपहार पाकर गदगद नजर आए। कार्यक्रम में भाजपा जिलामहामंत्री सतीशचंद्र बेहरा, जतिंद्र साव, बिहारी लाल पटेल, सरपंच गुलापी सिदार, बीडीसी ममता साव, गायत्री बेहरा जयप्रसाद किसान, रमेश बेहरा, गीतांजली पटनायक, मुकुन्द मुरारी पटनायक, हरेराम सिदार,जयराम सिदार, रामचरण कुम्भकार, सौरभ गुप्ता, श्यामा उरांव,प्रताप बेहरा, दुलेन्द्र पटेल, रोहित साव, जनक राम साहू, पतालु राम साव, जयशंकर अन्य गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधियों एवं वर वधु के परिजनो की उपस्थिति रही।





### जमीन बंटवारे को लेकर चचेरे भाई ने की मारपीट

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीन बंटवारे की बात को लेकर चचेरे भाई द्वारा अपने साथियों के साथ छोटे भाई से मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में कापू पुलिस ने 3 आरोपियों के खिलाफ़ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115, 294, 3(5) एवं धारा 351(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि जलडेगा में रहकर खेती किसानी का काम करता हूं। बीते 4 जुलाई को करीब 09.30 बजे रात्रि में मेरा चचेरा भाई मनोज राठिया हमारे घर के सामने में आकर मेरे को जमीन हिस्सा बटवारा में जमीन कम दिए हो फिर से जमीन बटवारा करो कहा। जिस पर मेरे द्वारा अभी रात्रि में जमीन कैसे बटवारा करेंगे कहने पर मनोज राठिया ने सार्वजनिक स्थान पर गालियां दिया। जिसे सुनकर गबल राठिया, अनुज राठिया ग्राम जलडेगा भी मेरे पास आए और मेरे हाथ पैर को पकड़ कर रखे थे।

# शराब के नशे में कलयुगी बेटे ने की मां की हत्या, गिरफ्तार

**कटेली।** सारंगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झरपडीह निवासी कलयुगी बेटे ने शराब के नशे में धुत्त होकर मां की निर्मम हत्या कर दी। सूचना देने पर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घटना के तीन दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों और जन चर्चा की माने तो सारंगढ़ अंचल में सफेद पानी का जहर यानी अवैध महुआ शराब की बिक्री की बाढ़ से आ गई है। 20 से 25 के पाउच में बिक रहा यह अवैध महुआ शराब गली मोहल्ले पान ठेले में आसानी से उपलब्ध हो रहा है। इस शराब में कृषि से जुड़े कई खतरनाक और घातक दवाइयां मिलाई जा रही है। गरीब वर्ग कम कीमत के कारण इसका अधिक सेवन कर रहा है जो अकाल मृत्यु का कारण बनता जा रहा है। दूसरी ओर शराब के नशे में धूत नशेड़ियों ने गंभीर अपराधों को आसानी से अंजाम दे रहे हैं।



### क्या है पूरा मामला

सूत्रों के अनुसार व सारंगढ़ नगर पालिका बाबाकुटी वार्ड क्रमांक 5 से लगे प्रथम ग्राम झरपडीह में 7 जुलाई जुलाई को गांव के ही एक नशेड़ी युवक आरोपी भोजराम सिदार पिता फिरतु सिदार उम्र 32 वर्ष ने नशे में अपनी ही मां के ऊपर तवे डंडा हाथ मुक्का से हमला कर दिया वृद्ध महिला के चेहरे पर गंभीर चोटे आई। उपचार के लिए रायपुर के लिए निकले, तब तक वृद्ध महिला सावित्री बाई पति फिरतु राम सादर उम्र 65 वर्ष की मौत हो गई। सूत्रों की माने तो उक्त परिवार को नशे का आदि बताया जा रहा है ।

# आचार संहिता के दौरान 46 लाख की खरीदी, मेयर ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम महापौर जानकी अमृत काटजू के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने कलेक्टर से ज्ञापन सौंपकर कर आचार संहिता के दौरान हुई 46 लाख की बिजली सामग्री खरीद पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। रायगढ़ कलेक्टर को महापौर के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचकर तीन ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में सीधे तौर पर आरोप लगाया गया है कि आचार संहिता के दौरान नगर निगम में 46 लाख के विद्युत सामग्री एम आई सी व महापौर को बिना जानकारी दिए खरीदी कर अनियमितता बरती गई। बताया गया है कि शासन से खरीदी की स्वीकृति मिलने की जानकारी नहीं दी गई। साथ ही साथ एक ही दिन में टेण्डर कर वर्क आर्डर जारी कर दिया गया। आचार संहिता के दौरान 18 मार्च के संशोधन आदेश बिन सक्षम स्वीकृति के दिया गया जो गलत है। राजनांदगांव गांव के संबंधित फर्म को पूरी राशि का भुगतान भी कर दिया गया। महापौर का कहना है कि पूर्व में किसी दूसरे फर्म से खरीदी की गई थी, लेकिन संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं किया गया था। बताया जाता है कि उस दौरान करीब 20 प्रतिशत राशि रोकी गई थी।



# उत्कृष्ट दायित्व निवर्हन के लिए 7 मितानिनें सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में मितानिन बहनों को नवा सौगात देते हुए उन्हें हर माह उनके प्रोत्साहन राशि को सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर करने की शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि का सीधे बैंक खाते में अंतरण किया। रायगढ़ में जिला स्तरीय मितानिन प्रोत्साहन राशि वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन आज शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर.गांधी नगर रायगढ़ में आयोजित किया गया।

मितानिन प्रोत्साहन राशि वितरण सह सम्मान समारोह में सभी मितानिनों को सम्मानित करते हुये स्वास्थ्य सेवाओं में विशेष सहयोग के साथ उत्कृष्ठ कार्य करने वाली 7 मितानिनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने बताया कि लोगों को प्रोत्साहित कर स्वास्थ्य सेवाओं प्रदान करने एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक पूर्ण कराने में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शासन द्वारा मितानिनों को उनके द्वारा प्रदान किये जा रहे सहयोग हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जाता है। इस मौके पर स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में एक पौधा मॉ के नाम पर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोकने हेतु संस्थागत प्रसव करानेए बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण कराने, गैर संचारी संचारी रोग, सभी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु समस्त मितानिनों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि श्रीमती नीलम रंजू संजय, डॉ. बीपी पटेल जिला टीकाकरण अधिकारी, सुश्री रंजना पैंकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. विरेन्द्र राठिया चिकित्साधिकारी, शहरी क्षेत्र समन्वयक, मितानिन प्रशिक्षक एवं मितानिन के साथ.साथ चिकित्सकीय एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।



## छाल वनपरिक्षेत्र के कुड़ेकेला की घटना

# डोरी बिनने गए युवक पर हाथी ने किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुडेकेला

धरमजयगढ़ वन मंडल छाल वन परिक्षेत्र के अंतर्गत कुड़ेकेला निवासी युवक पर हाथी ने उस वक्त हमला कर दिया जब वह जंगल में डोरी बिनने के लिए गया हुआ था। इस दौरान उसने हाथियों से अपने आप को बचाने की कोशिश की किंतु हाथियों ने उसे पकड़ लिया और पटकपटकर उसकी जान ले ली।

हाथियों के हमले से इंसानों मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, ताजा हादसा छाल वन परिक्षेत्र का है, घटना के संबंध में मिली तफसील जानकारी मुताबिक राजू दास महंत पिता स्वर्गीय बाबूलाल दास महंत निवासी ग्राम कुडेकेला शनिवार सुबह लगभग 5.30 बजे अपने खेत लाला डेरा गया हुआ था जहां डोरी का पेड़ भी स्थित है कयास लगाया जा रहा है की वह डोरी बिनने ही गया थाएइसी बीच दंतैल वहां आ धमका हाथी से उसका आमना सामना हो गया फिर क्या थाएइससे पहले की राजू दास कुछ समझ पाता या वहां से भाग पाता गजराज ने उस पर हमला बोल दिया और उसे पटककर मौत की नींद सुला दिया। बताया जा रहा है की घटना से पूर्व कुडेकेला के मोहल्ला मांदर पखना में हाथी कटहल खा रहा थाएवहां कुछ महिलाओ ने हाथी को देखकर आवाज लगाई वहां से उसे खदेड़ा तो हाथी वहां से भागा और लाला डेरा पहुंच गयाएजहां राजू दास महंत अपने खेत के पास डोरी बीन रहा थाएजहां हाथी ने इस घटना को अंजाम दिया है। उल्लेखनीय है की मिले डेटा के हिसाब से जब से रेंज अफसर मुनेश्वर मसकोले द्वारा सन 2021से छाल वन परिक्षेत्र का पदभार संभाला हैएतब से अब तक छाल रेंज में हाथियों के हमले से कुल 7 ग्रामीणों की अकाल मृत्यु हो चुकी है।वहीं कई हाथियों की भी मौतें हो चुकी हैं। क्षेत्रवासियों की माने तो वनपरिषेत्र अधिकारी की निष्क्रियता की वजह से जंगल में लगातार वनों की कटाई हो रही है और वन भूमि पर अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा हैएजो की विभाग के लिए भारी चिंतन का विषय है।



### गांव-गांव में कराई जा रही मुनादी

बताया जा रहा है कि धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों की लगातार ट्रेकिंग की जा रही है। ट्रैकर और हाथी मित्र दल के सदस्य हाथियों की निगरानी कर रहे हैं। जिस गांव के करीब हाथियों का दल पहुंचता है, आसपास पूरे क्षेत्र में मुनादी करा दी जाती है। ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो।

### ड्रोन से कर रहे मॉनिटरिंग

धरमजयगढ़ वन मंडल के छाल रेंज में ग्रामीण की मौत के बाद हाथी की मॉनिटरिंग ड्रोन से की जा रही है। उस पर नजर रखी जा रही है कि वह किस ओर जा रहा है। ताकि ग्रामीणों को पहले ही सूचना दी जा सके।

### 25 हाथियों का दल गांव पहुंचा

इन सब के इतर गोमर्डा अभ्यारण्य सारंगढ़ रेंज में रात करीब 12 बजे 25 हाथियों का दल बगबंध गांव पहुंच गया। एक घर में महुआ रखा हुआ था। हाथियों ने मकान के एक ओर की दीवार को ढहा दिया। इससे घर में सो रहे चैतराम बहिरा और उनकी पत्नी ननकी दाई घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गोमर्डा अभ्यारण्य रेंजर सहित पूरा वन अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा।

# मीना बाजार स्थल स्थानांतरण करने की मांग, कलेक्टर-एसपी को ज्ञापन

**रायगढ़।** कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर में लगने वाले मीना बाजार का विरोध शुरू हो गया है कारण यह है कि इस बार मीना बाजार को नेशनल हाईवे 49 सारंगढ़ बस स्टैंड के पास लगाया जा रहा है स्थानीय युवाओं ने सुरक्षा की दृष्टि से मीना बाजार को राष्ट्रीय राजमार्ग से अन्य अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग करते हुए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर लगने वाले मीना बाजार को सारंगढ़ बस स्टैंड से लगे हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 49 पर स्थापित किया जा रहा है जिससे लोगों में सुरक्षा की दृष्टि भय का माहौल दिख रहा है। कहा गया कि मेला स्थल नेशनल हाइवे 49 से लगा हुआ है जहां 24 घंटे तेज रफ्तार में भारी वाहनों की आवाजाही होती है। जिस कारण किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। मेले में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का अधिक संख्या में आगमन होता है और ज्यादातर लोग पैदल ही आते हैं छातामुरा बाईपास की ओर से पैदल आने वाले लगभग 1 किलोमीटर तक एनएच 49 में भारी वाहनों के बीच पैदल चलते हुए मेला स्थल तक आना गंभीर दुर्घटना का अंदेशा बना रहेगा। इसके अलावा मेला स्थल से लगा हुआ सारंगढ़ बस स्टैंड भी है जिस कारण लोग बसों में भी अधिक संख्या में आएंगे और बस स्टैंड से मेला स्थल जाने हेतु एनएच 49 को पार करके ही जाएंगे। जिसमें लगातार भारी वाहनों से बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। मेला स्थल के करीब ही बाबा सत्यनारायण थाम है मेले में आने वाले बाबा धाम समीप होने के कारण वहां भी दर्शन के लिए बड़ी संख्या में जाएंगे ।

## खबर संक्षेप

### डॉ. बृजमोहन सिंह कामरे बने उदयपुर बीएमओ

**डांड़गांव।** कलेक्टर भोस्कर विलास संदीपन ने 10 जुलाई को उदयपुर क्षेत्र के दूरस्थ अंचल पेडरखी सहित आस पास के वन क्षेत्र के सरकारी ऑफिसों का निरीक्षण किया। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र पेडरखी बंद पाया गया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य उदयपुर में भी लम्बे समय से अव्यवस्था की शिकायत मिल रही थी जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त कर बीएमओ सहित पेडरखी के स्टाफ पर कार्रवाई की। जिला चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल आदेश जारी कर डॉ. बृजमोहन सिंह कामरे को विकास खंड चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्त किया है। नए विकास खंड चिकित्सा अधिकारी ने कहा है कि स्वास्थ्य सुविधा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चौबीस घंटे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।

### कागज के कैरी बैग का उपयोग करने एनसीसी ने चलाया जागरूकता अभियान



**अंबिकापुर।** प्लास्टिक कैरी बैग से होने वाले नुकसान को लेकर एनसीसी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। एनसीसी 28 सीजी बटालियन रायगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल हेमंत कुमार झा के निर्देश पर राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्लाह के नेतृत्व में महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार व कैडेट्स द्वारा शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में कैडेट्स ने लोगों को प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने और और कागज से बने बैग का इस्तेमाल करते हुए पर्यावरण को स्वच्छ और संरक्षित करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करने का आह्वान किया।

### मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**अंबिकापुर।** मदरसा ख्वाजा गरीब नवाज प्राथमिक शाला में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद इस्लाम खान, रशीद अंसारी संकुल समन्वयक बेलाल अंसारी मौजूद थे। इस्लाम खान ने बच्चों को ड्रेस, किताब व फूल माला पहनाकर बच्चों का स्वागत किया। उन्होंने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने की सीख दी व शहर एवं देश का नाम रौशन करने की बात कही। बिलाल अंसारी ने स्कूल स्टाफ को बेहतर शिक्षा देने की बात कही। इस अवसर पर शाला की शिक्षिका शाहीन गजाला तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

**राजपुर।** बुजुर्ग ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। थाना अंतर्गत ग्राम बगाड़ी महादेवपारा निवासी 60 वर्षीय रामदेव आ. स्व. हीरा लाल 10 जुलाई को घर से बिना बताए कहीं चला गया था। ग्रामीण रातभर घर नहीं लौटा। 11 जुलाई की दोपहर तीन बजे वृद्ध फिर से अपने खेत के पास पहुंचा और अपने नाती को खेती संबंधित जानकारी दी और फिर उसके बाद वापस लौट गया। इसी बीच खेत से लगे टोंगरी में लकड़ी बिनने गए बच्चों ने परिजन को जानकारी दी कि रामदेव का शव फांसी पर लटका हुआ है। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो राम देव का शव पेड़ के सहारे फांसी पर झूलता मिला। बुजुर्ग द्वारा आत्महत्या करने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### पहले भालू ने काटा फिर उल्टी दस्त से गंभीर महिला की मौत

**अम्बिकापुर।** भालू के काटने से गंभीर होने तथा उपचार कराने के पश्चात घर आने पर महिला उल्टी दस्त से गंभीर हो गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत भालू के काटने या उल्टी दस्त से हुई यह स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेमनगर थाना अंतर्गत ग्राम बकालों निवासी देव प्रताप ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि मां सुखमनिया पति स्व. मसत दास पनिका (52 वर्ष) 15 मई की सुबह 7.30 बजे तेंदूपत्ता तोड़ने घर से 2 सौ मीटर दूर जंगल गई थी। इसी दौरान भालू ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। सुखमनिया को गंभीर हालत में सूरजपुर अस्पताल से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने 21 मई को छुट्टी दे दी और बीच बीच में जांच कराने की सलाह दी। इसी बीच 11 जुलाई की दोपहर उल्टी दस्त होने से गंभीर हो गई तो उसे सूरजपुर से रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कृषि विभाग ने किसानों को वितरण किया रागी, उड़द, अरहर का बीज

**मानीचौक।** क्षेत्र के ग्राम मानी में कृषि विभाग के अधिकारियों ने आज किसानों को बीज वितरण कर वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने दी। कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रत्येक वर्ष धान सहित दलहन, तिलहन का बीज वितरण किया जाता है। बीच वितरण का उद्देश्य कमजोर किसान बीच के अभाव में खेती किसानी से वंचित न हो और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। बरसात का मौसम शुरू होती ही और बारिश होने के बाद क्षेत्र के अधिकांश ग्रामीण कृषि विभाग द्वारा वितरण करने वाले बीज का इंतजार करते है। जैसे ही बीज मिलता है वैसे ही किसान खेती करना शुरू करते है। इसी तारतम्य में क्षेत्र के ग्राम पंचायत मानी में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नीलकमल मिश्रा द्वारा बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

## बिचौलियों की चांदी, 150 से 200 रूपए बोरी कर रहे कमाई

# सहकारी समितियों में यूरिया एवं डीएपी का स्टॉक खत्म, ब्लैक में खरीद रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खरीफ खेती का समय शुरू होते ही सहकारी समितियों में खाद का स्टॉक खत्म हो गया है। समितियों में खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान भटक रहे हैं किसानों खेती की जरूरतें पूरा करने अधिक कीमतों पर खाद खरीदना पड़ रहा है।

**खास बात**
- गांव-गांव में संचालित हो रही अवैध दुकानें

प्रशासन द्वारा जिले के सभी सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों का पर्याप्त मात्रा में भण्डारण कराया गया था। बड़ी संख्या में कृषकों ने उर्वरकों का उठाव भी किया लेकिन खरीफ खेती के ठीक पहले समितियों में यूरिया एवं डीएपी का स्टॉक खत्म होने के कारण कृषकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समितियों में खाद खत्म होने से बिचौलियों की चांदी हो गई है। बिचौलिए किसानों से खाद का डेढ़ सौ से दो सौ रूपए अधिक वसूल रहे हैं। सरगुजा के किसान खरीफ खेती के कारण भारी मात्रा में यूरिया एवं डीएपी का उपयोग करते हैं। समितियों द्वारा किसानों को ऋण पर आवश्यकतानुसार उर्वरकों के अग्रिम उठाव की भी सुविधा दी जाती है लेकिन गिने-चुने किसान ही अग्रिम उठाव करते हैं। खेती की तैयारियां शुरू होने पर किसान खाद का उठाव करते हैं। एक साथ खाद का उठाव करने के कारण प्रायः हर साल ऐन वक्त पर खाद का स्टॉक खत्म हो जाता है। किसान एवं समितियों के इस ट्रेंड को समझ चुके बिचौलिए इसका फायदा उठाते हैं तथा मनमानी कीमत पर खाद बेचते हैं। बिचौलियों का जुगाड़ इतना दुरूस्त होता है कि उन्हें कभी भी इस तरह की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ता। प्रशासन द्वारा सरगुजा की समितियों में 7876.14 टन यूरिया, 316.50 टन सुपर फास्फेट, 4990.30 टन इफको 4656.45 टन डीएपी, 349.81 टन पोटाश, 106 टन जिंक का भण्डारण कराया गया था। यूरिया एंव डीएपी की मांग अधिक होने के कारण समितियों में भण्डारित खाद खत्म हो गया है। किसान धान व मक्का की खेती में अधिक मात्रा में यूरिया व डीएपी का उपयोग करते हैं। वर्तमान में अधिकांश समितियों में डीएपी व यूरिया खत्म हो गया है। जिस तेजी से उर्वरकों का उठाव हो रहा है गिने-चुने समितियों में बचा यूरिया व डीएपी भी एक-दो दिन में खत्म हो जाएगा। ऐसे में जल्द खाद की व्यवस्था नहीं हुई तो किसानों को भारी संकट का सामना करना पड़ेगा साथ ही खरीफ खेती भी प्रभावित होगी।



#### गांव-गांव में बिक रहा खाद

रासायनिक उर्वरकों में मोटी कमाई होने के कारण अब गांव-गांव में अवैध खाद की दुकानें खुल गई हैं। किराना व्यवसायी भी धड़ल्ले से खाद का कारोबार कर रहे हैं। कृषि अधिकारी शहरी क्षेत्र के दुकानों का निरीक्षण कर जांच की खानापूर्ति करते हैं। गांव-गांव में अवैध रूप से संपादित दुकानों की कभी जांच नहीं होती इसलिए बड़े पैमाने पर संचालित हो रहे इस व्यवसाय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। समितियों में खाद खत्म होने के बाद बिचौलिए प्रति बोरी 150 रूपए से 200 रूपए अधिक वसूल रहे हैं। विकासखण्ड लुण्ड्रा में बिलौचिए किसानों से यूरिया 600 रूपए, डीएपी 1600 रूपए वहीं मैनपाट में यूरिया 650 रूपए एवं डीएपी का 1650 रूपए वसूल रहे हैं।

#### किसान भी नहीं पीछे

बड़े किसान अपनी संपूर्ण खेती के अनुसार खाद का उठाव करते हैं लेकिन खेत दूसरों को सौंप देते हैं। खाद की किल्लत होने पर बड़े किसान भी इसका फायदा उठाते हैं तथा शेष बचे यूरिया व डीएपी को जरूरतमंद किसानों को मनमानी कीमत पर बेचते हैं। बड़े किसानों की जमीन में खेती करने वाले छोटे किसान बिचौलियों से अधिक कीमत पर खाद खरीदते हैं। बड़े किसानों द्वारा अपने हिस्से के खाद को अधिक कीमत पर बेचने की जानकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को भी है लेकिन ऐसे मामलों में कभी कार्रवाई नहीं होती।

#### रवाना हो गया है रैक

रासायनिक उर्वरकों का रैक रवाना हो गया है। रैक के पहुंचते ही समितियों में उर्वरकों का भण्डारण कराया जाएगा।

-अरूण विश्वकर्मा
प्रबंधक, मार्कफेड



## मितानिनों के खाते में सीधे अंतरित की गई प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला चिकित्सालय सभा कक्ष में मितानिन के खाते में सीधे प्रोत्साहन राशि के अंतरण संबंधी राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- मितानिन प्रोत्साहन राशि सीधे अंतरण किए गए उनके खाते में

इस अवसर पर मितानिनों को सम्बोधित करते हुए विधायक भूलन सिंह मरावी ने मितानिनों के कार्य की प्रशंसा की एवं उनके स्वयंसेवकों के रूप में कार्य करने को एक मिसाल बताया और आगे भी ऐसे कार्य करने को प्रेरित किया। डॉ. आरएस सिंह द्वारा विस्तार पूर्वक मितानिनों द्वारा किए जा रहे कार्य टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, टीबी उन्मूलन, कुष्ठ उन्मूलन में उनके द्वारा किया जा रहा उल्लेखनीय कार्य का उल्लेख किया। राजेश अग्रवाल द्वारा कोविड एवं 24 घंटे सेवा में तत्पर रहने की भावना को सराहा एवं आगे निरंतर कार्य को प्रेरित किया। रायपुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा एक बटन दबाकर मितानिनों के प्रोत्साहन राशि को सीधे उनके खाते में अंतरण किया। जिससे समस्त मितानित अत्यंत प्रशन्न नजर आई। कार्यक्रम में संस्थागत प्रसव हेतु मितानिन सुषमा साहू बड़कापारा, मितानित फुलेश्वरी राजवाड़े कुरवा टीकाकरण हेतु, मितानिन बॉबी ग्राम गिरवगंज को सामाजिक सुरक्षा एवं संस्थागत प्रसव हेतु विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिंस जायसवाल, डॉ. जेएसआर सरूता, डॉ. राजेश पैकरा के अलावा निलेश गुप्ता, सुरेश वर्मा, डीआर पैकरा, अमरेश पैकरा, संतु कुमार कर सुरेश गुप्ता सहित अन्य चिकित्सक अधिकारी, मितानिन व अन्य मौजूद थे।

## गांव में पाइप लाइन का हो गया विस्तार लेकिन टंकी अधूरी

**राजपुर।** जल जीवन मिशन अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में की गई लेटलतीफी और मनमानी का खामियाजा ग्रामीण जनता को भुगतना पड़ रहा है।

- जल जीवन मिशन का ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

ठेकेदार द्वारा गांव में नल लगाकर छोड़ दिया गया है लेकिन पानी टंकी का काम अधूरा है। ऐसे में ग्रामीण ढोढ़ी, कुंए का पानी पीने को मजबूर है। ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद भी अब तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। बता दें कि विकासखंड के ग्राम पंचायत नवकी में जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल जल योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार व पानी टंकी बनाने का काम चल रहा था। निर्माण कार्य प्रारंभ होने के बाद ठेकेदार ने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व कुछ स्थानों पर नल कनेक्शन देने के साथ ही पाइप लाइन का विस्तार कर दिया गया लेकिन पानी टंकी का निर्माण करना भूल गया। जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का काम अब भी अधूरा है। इसके साथ ही जनपद पंचायत के लगभग 70 ग्रामों में भी इसी तरह की स्थिति बनी हुई है। अधिकारियों की उदासीनता और ठेकेदार की लापरवाही के कारण जल जीवन मिशन का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। पानी टंकी का निर्माण नहीं होने से भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पेयजल संकट से जूझना पड़ा तो वहीं अब बारिश में ग्रामीणों को ढोढ़ी और कुंए का पानी पीना पड़ रहा है। ग्रामीण ढोढ़ी और कुंए से पानी लेने के लिए भी लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही है। क्षेत्र के ग्राम नवकी, सिंगचोरा, ओकरा, झिंगो, कर्रा, सेवारी, नरसिंहपुर, परसगुड़ी, गोपालपुर, कारवां, कुंदीखुर्द, मुरका, सहित अन्य गांव में अभी भी जल जीवन मिशन का कार्य अधर में लटका हुआ है। ग्रामीण कृष्णा प्रसाद ने बताया कि गांव में नल कनेक्शन दिया गया है लेकिन उसमें पानी नहीं आता है। पानी टंकी का निर्माण अधूरा है और गांव में लोग शुद्ध पेयजल के लिए परेशान है।



निर्माणाधीन पानी टंकी।

#### जारी किया गया है नोटिस

जल जीवन मिशन के सभी कार्यों का सत्यापन कराया जा रहा है। ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति जल्द से जल्द कराई जाएगी।

-सुशील कुमार सिन्हा
कार्यपालन अभियंता पीएचई

### व्यापमं द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग परीक्षा को लेकर नोडल अधिकारी ने ली बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आज नोडल एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिवानी जायसवाल की अध्यक्षता में व्यापमं द्वारा आयोजित होने वाली बीएससी नर्सिंग परीक्षा के संबंध में बैठक ली गई । बैठक में परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन के संबंध में चर्चा की गई और दिशा निर्देश तय किए गए। बैठक में विद्यार्थियों के लिए तय निर्देशो पर चर्चा करते हुए बताया गया कि किसी भी असुविधा से बचने के लिए समय से न्यूनतम 1 घंटा पूर्व अपने मूल/ओरिजिनल फोटो युक्त पहचान पत्र एवं एडमिट कार्ड के साथ आए। साथ ही एडमिट कार्ड में उल्लेखित निर्देशों का भली भांति अवलोकन कर लें। बैठक में गलत परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियो की पहुंचने की घटना को देखते हुए सभी विद्यार्थियों को आवंटित परीक्षा केंद्र का एक दिन पूर्व भ्रमण करने की सलाह दी गई है। गौरतलब है कि बीएससी नर्सिंग परीक्षा का 14 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 12.15 तक आयोजित किया जाना है।

## रेलिंग तोड़ते हुए पुल पर लटकी यात्रियों से भरी बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बीती रात यात्रियों से भरी राजहंस बस दुर्घटना का शिकार होते बाल बाल बच गई। तेज रफ्तार बस गागर नदी के पुल की रेलिंग तो तोड़ते हुए लटक गई। यदि बस थोड़ा और आगे जाती तो यात्रियों समेत नीचे नदी में चली जाती और जिससे यात्रियों की मौत हो सकती थी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने समय रहते यात्रियों को बस से निकाला। इस दौरान एनएच पर जाम की स्थिति बनी रही। बता दें कि राजहंस बस बीती रात यात्रियों को लेकर अंबिकापुर से सासाराम जा रही थी। इस दौरान रात लगभग 12 बजे एनएच 343 पर गागर नदी के समीप पहुंचते ही चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार बस गागर नदी के पुल के रेलिंग को तोड़ते हुए लटक गई। गनीमत रही कि चालक ने सूझबूझ से बस को नियंत्रित किया लेकिन बस का एक चक्का पुल से नीचे लटक गया था। इस दौरान बस में लगभग 45 से 50 यात्री सवार थे। घटना के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना के बाद एनएच पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और यात्रियों को बाहर निकालकर दूसरे वाहनों से गंतव्य की ओर रवाना किया गया। इस घटना में यदि बस के दोनों चक्के नीचे उतर गए होते तो यात्रियों से भरी बस पुल से नीचे नदी में गिर सकती थी। राजपुर व बरियों चौकी की पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद एनएच पर आवगमन शुरू कराया।



## ठेकेदार की बाइक चोरी मामले में आरोपी चोर एवं खरीददार गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** नगर के गुरुद्वारा गली निवासी ठेकेदार राम मनोहर जायसवाल की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोपी व चोरी की बाइक खरीदी करने मामले में शामिल आरोपी ख़रीददार को बिश्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद कर लिया है।



पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रामनमोहर जायसवाल ने रिपोर्ट लिखाई कि उनकी बजाज पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 15 डी ए 3203 को अज्ञात चोर ने गत 18 जून की रात को उनके घर के सामने से चोरी कर लिया है ,रिपोर्ट दर्ज होने उपरांत पुलिस मामले की जांच में जुटी थी।जांच के दौरान संदेही अर्जुन देवांगन पिता सुखन देवांगन 26 वर्ष निवासी कैलाशपुर घुटरा पारा थाना जयनगर को पकड़कर पूछताछ किया तो उसने बाइक चोरी करना स्वीकार किया ,उसने पुलिस को बताया कि पखवाड़े भर पूर्व उसने उक्त चोरी की गई बाइक को लखनपुर सरगुजा निवासी तौफीक खान को नौ हजार रुपए में बेच दिया है, तत्पश्चात पुलिस ने चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी तौफीक खान पिता सरफुदीन 29 वर्ष निवासी लखनपुर पठान पारा को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक जप्त कर मामले में 411,34 भा द वि की के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को शुक्रवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।

#### सूने मकान का ताला तोड़ नकदी समेत हजारों रुपए के सामान ले गए चोर

सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नगदी समेत हजारों रुपए के जेवरात व सामान चोरी कर साथ ले गए हैं। जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत महेशपुर निवासी प्रार्थिया भोज कुमारी पति संतोष सिंह गोंड के महावीरपुर निवासी भाई गत दिनों 5 जुलाई को सड़क हादसे में चोटिल हो गया था, जिस वजह से उसके माता पिता द्वारा भाई को मेडिकल कालेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराकर उपचार कराया जा रहा था।गत 10 जुलाई को जब प्रार्थिया घरेलू सामान को लेने मायके आई, तब देखा कि उसके मायके के दरवाजा का ताला टूटा हुआ है और घर में अंदर रखे सामान बिखरे पड़े हुए हैं। इसकी सूचना प्रार्थिया द्वारा अपने परिजन व पुलिस को दी गई।यहाँ पर अज्ञात चोरों द्वारा दो पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे छह नग कांस की थाली, छह नग कांस लोटा, चार नग स्टील की गुंडी, तीस नग साड़ी, दो नग चांदी का बाजू, दो नग चांदी का कमरबंद, दो नग चांदी का कलाईबंद, एक नग चांदी की हसुली को चोरी कर लिया गया है। साथ ही अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखे बीस हजार रुपए नगदी भी चोरी कर लिया गया है। मामले में प्रार्थिया की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 331 (4), 305 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## छोटे से कमरे में संचालित हो रहा शासकीय विद्यालय



ढहाए गए जर्जर स्कूल का मलबा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

जिले में एक ओर जहां बड़े ही धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है। स्कूलों में नव प्रवेशी बच्चों को मिष्ठान खिलाकर, गणवेश, पुस्तक देकर स्वागत किया जा रहा है।

**खास बात**
- बच्चों व शिक्षकों की बढ़ी परेशानी

ऐसे में कई स्कूल ऐसे है जहां आज तक स्कूल भवन का निर्माण पूर्ण नहीं हो सका जबकि ग्राम पंचायत सिरकोतंगा बालक व कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन विहीन है। डेढ़ साल पूर्व ही जर्जर स्कूल भवन से निजात दिलाने मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत पुराने जर्जर स्कूल भवन को तोड़ नए सिरे से स्कूल भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया परंतु डेढ़ साल बाद भी बच्चों को नए भवन नसीब नहीं हुई। आलम यह है कि ग्राम पंचायत सिरकोतंगा स्थित बालक व कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय के स्कूली बच्चे भवन के अभाव में स्कूल के समीप स्टेडियम के छोटे से कमरे में पढ़ाई करने को मजबूर है। विकासखंड लखनपुर अंतर्गत कई स्कूल भवन काफी जर्जर हालत में थी जिसे मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत जर्जर हो चुके स्कूल भवन को तोड़ कर नए सिरे से बनाने का कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत सिरकोतंगा स्थित बालक व कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवन को भी डेढ़ वर्ष पूर्व तोड़ कर धराशाई कर दिया गया।

#### अन्य विद्यालय की स्थिति ऐसी

.ग्राम पंचायत सिरकोतंगा के कन्या व बालक माध्यमिक विद्यालय की भांति क्षेत्र अन्य स्कूलों की हालत ऐसी है। ग्राम पुहपुटरा, लहपटरा व धनपुरी सहित अन्य माध्यमिक शाला विद्यालय को तोड़ा गया है। परंतु विभागीय लापरवाही के कारण समय पर न तो टेंडर प्रक्रिया शुरू हो सकी और न ही निर्माण कार्य। ऐसे में स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### सामान ले उड़े चोर

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा के शासकीय बालक माध्यमिक शाला के दो-तीन साल पहले पानी टंकी लगा था। स्कूल परिसर में ही पेयजल के लिए बोर लगाया गया था लेकिन विद्यालय का डिस्मेंटल करने के बाद सामान का देख रेख नहीं होने के कारण चोर बोर सहित अन्य सामान पार कर दिया।

#### जल्द होंगे निर्माण कार्य

पिछले सरकार में जर्जर हो चुके स्कूलों को चिन्हांकित कर ढहाया गया था। बीआरसी से जानकारी लेकर कितने जर्जर भवन को तोड़ा गया है उसका लिस्ट मंगा कर नए सिरे से विद्यालय बनाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

-राजेश अग्रवाल, विधायक

#### राशि स्वीकृत होने पर होगा निर्माण शुरू

विकासखंड लखनपुर में स्कूल भवन जर्जर है इसकी जानकारी है। इसके लिए टेंडर भेजा गया है। राशि स्वीकृत होने के बाद जल्द ही स्कूल भवन का निर्माण शुरू होगा।

-प्रदीप राय, बईओ लखनपुर

## अवैध रेत उत्खनन व परिवहन में लिप्त आधा दर्जन वाहनों पर खनिज अमले ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एनजीटी के प्रतिबंध के बावजूद मानसून काल में जिले में अवैध रेत उत्खनन व परिवहन बदस्तूर जारी है। अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कार्रवाई के लिए सूरजपुर कलेक्टर से मिले निर्देश के बाद शुक्रवार को खनिज अमले ने जयनगर क्षेत्र से छह वाहनों व सूरजपुर से तीन वाहन जो अवैध परिवहन में लगी थी, को पकड़कर सूरजपुर कोतवाली व जयनगर पुलिस के अभिरक्षा में खनिज टीम ने सौंपा है।


- जब्त वाहनों को किया पुलिस के सुपुर्द



खनिज इंस्पेक्टर नेहा टंडन की टीम ने सर्वप्रथम कोतवाली क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो रेत लोड वाहन व एक ईट लोड 912 वाहन को जब्त कर कोतवाली पुलिस को सौंपा है। उक्त ईंट लोड वाहन गणेश जायसवाल व रेत लोड वाहन मनोज साहू एवं मयंक जायसवाल की बताई गई है। जबकि जयनगर क्षेत्र में पकड़ी गई आधा दर्जन वाहनों में रेत लोड वाहन अभिषेक गुप्ता निवासी केनापारा, बीजू सरकार सिलफिली, दुर्गेश जायसवाल अंबिकापुर, भरोसा राम रजवार निवासी वीरपुर की रेत लोड वाहन 912, बीरसाय भगत सिलफिली व अवैध गिट्टी लोड हाईवा बरियो निवासी प्रिंस यादव की बताई गई है। खनिज अमले ने उक्त पकड़े गए सभी छह वाहनों को जयनगर पुलिस की अभिरक्षा में सौंपा है। सभी प्रकरणों को सूरजपुर कलेक्टर के समक्ष पेश करने की बात कही गई है। उक्त कर्वाई में खनिज इंस्पेक्टर नेहा टंडन व उनकी टीम के खनिज सिपाही देवेंद्र साहू, नगर सैनिक ब्रजेश यादव, खूबचंद,रूप नारायण साहू सक्रिय रहे।

### गबन के आरोप के बाद बेल्हाडीह सचिव को हटाया

**बेल्हाडीह।** बेल्हाडीह (जेठा) ग्राम पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत पर कलेक्टर ने संज्ञान लिया है। 29 लाख के गबन के आरोप के बाद ग्राम पंचायत सचिव घासीराम साहू को हटाने की कार्रवाई की गई है। ग्राम पंचायत बेल्हाडीह में सचिव द्वारा गबन व भ्रष्टाचार करने की शिकायत जिला प्रशासन से की गई थी। मामले की जांच करने टीम पंचायत भवन पहुंची लेकिन शिकायतकर्ताओं की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए आक्रोशित हो गए। क्षुब्ध ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को ग्रामीणों ने एक पत्र और दिया।



# अमिताभ की टक्कर में अकेले थे विनोद खन्ना!

**नई दिल्ली।** विनोद खन्ना को हिंदी सिनेमा में कोई भुला नहीं सकता। वो उस दौर के सुपर स्टार रहे हैं, जब फिल्म इंड्स्ट्री में अमिताभ बच्चन के नाम का डंका बजता था। लेट सिक्सटीज और फिर सेवंटीज में अगर अमिताभ बच्चन के सामने कोई हीरो बराबरी से टिक पाता था तो वो थे सिर्फ विनोद खन्ना। जो कद काठी में अमिताभ बच्चन से जरा भी कम नहीं थे। स्टाइल और लुक्स के मामले में भी टक्कर या यूं कहें कि एक कदम आगे ही थे। विनोद खन्ना से एक पुराने इंटरव्यू में दोनों को लेकर सवाल हुआ। इस इंटरव्यू के कुछ अंश सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इंटरव्यू में विनोद खन्ना ने कहा कि उस समय सिर्फ वही एक ऐसे स्टार थे जो अमिताभ बच्चन को चुनौती दे पाते थे।

लाइफ Style



# सोनाक्षी

## मजेदार लगी थी 'काकूदा' की कहानी

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा बीते कुछ समय से काफी चर्चा में हैं। उनकी शादी की खबरों ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। अब एक बार फिर से वह फिल्मी दुनिया में सक्रिय हो गई हैं। हाल में ही उन्होंने अपनी नवीनतम फिल्म 'काकूदा' पर बातचीत की।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोनाक्षी की यह हालिया रिलीज फिल्म जी 5 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई है। इस दौरान अभिनेत्री ने बताया कि वह विभिन्न जॉनर की फिल्में करना चाहती हैं और वह ऐसी भूमिकाएं नहीं करेंगी, जिनमें उन्हें गाने और कुछ दृश्य ही मिले। 'काकूदा' पर उन्होंने कहा कि इसकी स्क्रिप्ट उन्हें काफी मजेदार लगी थी। इसे पढ़ते समय मैं बहुत खुश थी। हालांकि, मुझे हॉरर फिल्में पसंद नहीं हैं, लेकिन इस फिल्म में भरपूर कॉमेडी थी।

आदित्य ऐसे व्यक्ति हैं, जिन्होंने इस शैली को बहुत अच्छी तरह से समझा है और इस पर उनकी पकड़ शानदार है। उन्हें पता है लोगों को कहां डराना है, कहां हंसाना है, वह सभी चीजों को अच्छे तरीकों से करते हैं। उनके जैसे निर्देशक के साथ पहली बार इस तरह की फिल्म में काम करना काफी मजेदार है। एक हालिया इंटरव्यू के दौरान, जब सोनाक्षी से पूछा गया कि क्या मुख्यधारा की फिल्मों में कम काम करना कलाकारों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी बात है। अभिनेत्री ने कहा, ' ये तो अच्छा है ना। मैं बड़ी भूमिकाएं और महत्वपूर्ण भूमिकाएं ही करना चाहूंगी। अकीरा (2016), जिसमें मैं मुख्य किरदार में थी, यह मेरे लिए खून चखने जैसा था। मैं कभी भी एक फिल्म में दो गाने और चार सीन करने के दौर में वापस नहीं जाना चाहती।

हॉलीवुड मसाला



## अगले साल रिलीज होगी 'सुपरमैन'

**लॉस एंजिलिस।** सुपरमैन को चाहने वाले दुनियाभर में मौजूद हैं। फैंस को इस फ्रेंचाइजी की फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। इस बीच डीसी स्टूडियोज के सीईओ और सुपरमैन फिल्म निर्देशक जेम्स गन ने प्रशंसकों को बड़ी सौगात दी है। सुपरहीरो की पोशाक में डेविड कोरेंसवेट की तस्वीर जमकर वायरल भी हुई थी। सुपरमैन का प्रीमियर 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में होगा। इसमें लोइस लेन के रूप में रेचल ब्रोसनाहन, लेक्स लूथर के रूप में निकोलस हॉल्ट और इंजीनियर के रूप में मारिया गैब्रिएला डे फारिया भी हैं।




## इनसाइड आउट 2 बनी नंबर 1 एनिमेटेड फिल्म

**लॉस एंजिलिस।** डिज्नी और पिक्सार की एनिमेटेड फिल्म 'इनसाइड आउट 2' सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर सफलता का परचम लहराती नजर आई है। 14 जून को रिलीज हुई इस मूवी को दुनियाभर के दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। इसी कड़ी में यह डिज्नी और पिक्सार की विश्व में सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'इनक्रेडिबल्स 2' जैसी बॉक्स ऑफिस ब्लॉकबस्टर को पीछे छोड़ते हुए 'इनसाइड आउट 2' ने अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पिक्सार फिल्म के रूप में अपनी जगह पक्की कर ली है। इतना ही नहीं, यह वर्तमान में सर्वकालिक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्मों की सूची में चौथे नंबर पर काबिज है। 'इनसाइड आउट 2' की सफलता को देखते हुए उद्योग विश्लेषकों का अनुमान है कि यह जल्द ही सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म की सूची में पहले स्थान पर आ सकती है।



## हिना की सलामती के लिए प्रशंसक मांग रहे दुआ

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री हिना खान ने जब से अपने स्टेज थ्री के ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित होने का खुलासा किया है, उनके प्रशंसक काफी चिंतित है। सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों ने उनके लिए फिक्र जताई और उनके जल्दी ठीक होने की कामना की है। अब हिना खान ने दिल छू लेने वाला खुलासा अपने प्रशंसकों को लेकर किया है। अभिनेत्री ने बताया कि उनके प्रशंसक उनके जल्दी स्वस्थ होने के लिए रोजा रख रहे और हवन तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। इस बात का खुलासा हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में किया है। अपने प्रशंसकों और जानने वालों की चिंता से अभिभूत होकर हिना ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा की है, जिसमें उन्होंने एक लंबा चौड़ा नोट लिखा है। चार स्लाइड की नोट में हिना ने लिखा, 'मुझे नहीं पता कि मैंने ऐसा क्या किया जिसके लिए मुझे यह सब सहना पड़ा।



## 'किल' हिट होने पर पार्ट-2 लेकर आएंगे : लक्ष्य

**नई दिल्ली।** 2015 में टेलीविजन सीरीज 'वॉरियर हाई' से अपने अभिनय की शुरुआत करने वाले अभिनेता लक्ष्य की पहली हिंदी फिल्म है 'किल'। 'किल' लगातार सिनेमाघरों में बनी हुई और बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म को काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। फिल्म की सफलता को देखते हुए 'किल' के मुख्य अभिनेता लक्ष्य ने फिल्म को लेकर एक बड़ा और दिलचस्प खुलासा किया है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। फिल्म को काफी प्यार मिल रहा है। ऐसे ही आप इस फिल्म के लिए अपने प्यार को बरकरार रखिए और साथ ही फिल्म को स्पोर्ट करते रहिए।' फिल्म को लेकर लक्ष्य ने आगे कहा, 'आपने ऐसा सिनेमा कभी नहीं देखा होगा। और मैं वादा करता हूं कि अगर आप लोग इस फिल्म को हिट कराते हैं, तो जरूर हम इस फिल्म का पार्ट-2 लेकर आएंगे।

टीवी मसाला





## टास्क को लेकर सना और कृतिका में छिड़ी जुबानी जंग

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' में थोड़े ही समय में ढेर सारे बदलाव देखने को मिले हैं। शो में जहां विशाल का दिल रणवीर के लिए बदल रहा है, वहीं अब सना मकबूल और कृतिका मलिक के बीच एक तीखी नोंकझोक देखने को मिली है। लेटेस्ट एपिसोड में एक टास्क के दौरान दोनों एक-दूसरे से बहस करते हुए दिखाई दिए। बिग बॉस के घर में एक टास्क हुआ जिसमें प्रतियोगियों को यह तय करना था कि उनके अनुसार शो में सबसे स्टाइलिश प्रतियोगी कौन है? इस टास्क में घरवाले दो हिस्सों में बंटे दिखाई दिए। जहां अरमान मलिक और उनके कुछ दोस्त उनका नाम लेते नजर आए, वहीं सना मकबूल और उनकी टीम उनका नाम लेती नजर आईं। हालांकि, अरमान एक वोट से जीत गए। यह बात सना को पसंद नहीं आई और उन्होंने कहा कि उन्हें यह भी नहीं पता कि स्टाइल क्या होता है और जब दर्शक शो देखेंगे तो वे हंसेंगे। टास्क के बाद में सना अरमान से बात करती हुई नजर आईं। इस दौरान कृतिका ने बीच-बचाव किया। इस वजह से दोनों में जुबानी जंग छिड़ गई। इस दौरान कृतिका ने कहा कि कैसे कुछ दिन पहले उन्हें वह सबसे स्टाइलिश प्रतियोगी लगी थीं और अब नहीं हैं। दूसरी और कृतिका का कहना है कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि सना पहले उनकी दोस्त थीं और अब नहीं हैं।

## शिव का किरदार निभाकर समर को आज भी होता है पछतावा

**नई दिल्ली।** 90 के दशक में कई ऐसे सीरियल्स आए थे जिन्होंने लोगों को अपना दीवाना बना लिया था। खासकर माइथोलॉजिकल शोज। इन शोज को देखने का लोगों को इंतजार रहता था। लोग अपना काम छोड़कर या टाइम से निपटाकर इसे देखते थे। इसमें से एक शो ओम नमः शिवाय भी था। इस शो में समर जय सिंह ने भगवान शिव का किरदार निभाया था। इस शो से समर घर-घर में फेमस हो गए थे। इतना ही नहीं लोग उन्हें भगवान शिव समझने लगे थे। जहां भी जाते थे वहां उन्हें लोग भोले बाबा कहकर आ जाते थे और भीड़ लग जाती थी। मगर उनका ये ही किरदार उनके करियर पर भारी पड़ गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि शिवजी के रोल की वजह से उन्हें फिल्मों में आखिरी टाइम पर रिजेक्ट कर देते थे। मेकर्स को लगता था कि लोगों के मन में उनकी भगवान शिव वाली ही इमेज है। जिसकी वजह से वो उन्हें दूसरे रोल में नहीं देख पाएंगे।



## 'इंडियन 2' में दिखा महेश बाबू और राम चरण की फिल्म का कनेक्शन



**मुंबई।** 12 जुलाई को 28 साल बाद कमल हासन की हिट फिल्म 'इंडियन' का दूसरा भाग रिलीज हो गया है। कमल हासन के प्रशंसकों ने उन्हें 1996 में सेनापति के किरदार में देखा था, जिससे उन्होंने लोगों के दिलों में जगह बना ली थी और अब फिर से कमल हासन इतिहास को दोहरा रहे हैं। 'इंडियन 2' के रिलीज होने के बाद एक रोचक जानकारी सामने आई है। 'इंडियन 2' में दो बड़े दक्षिण भारतीय अभिनेताओं की फिल्मों के गानों को इस्तेमाल किया गया है। इनमें से एक है राम चरण की आने वाली फिल्म 'गेम चेंजर' का गाना 'जगारंडी' और दूसरा है महेश बाबू की 'गुंटूर करम' का 'कुर्ची मदथा पेटी'। इन दोनों गानों को सुनते ही सिनेमाघरों में बैठे दर्शक नाचने को मजबूर हो गए। 'इंडियन 2' का निर्देशन शंकर ने किया है और राम चरण और कियारा आडवाणी की मुख्य भूमिका वाली 'गेम चेंजर' को भी उन्होंने ही डायरेक्ट किया है। यह एक राजनीतिक ड्रामा फिल्म है, जो जल्द ही देखने को मिलेगी। 'इंडियन 2' की बात करें तो इसमें कमल हासन के साथ-साथ काजल अग्रवाल, सिद्धार्थ, एसजे सूर्या, रकुल प्रीत, बॉबी सिम्हा और समुथिरकानी समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है। इस फिल्म के पहले भाग में कमल हासन सेनापति का रोल निभाते हुए देश में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए नजर आए थे। उन्होंने इसमें दोहरी भूमिका निभाई थी और 'इंडियन 2' में भी वो सेनापति बनकर भ्रष्टाचारियों से जंग लड़ रहे हैं।

## फैंस को पसंद आई 'सरफिरा' हो रही जमकर तारीफ



**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार की सरफिरा ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दी है। फिल्म में राधिका मदान और परेश रावल अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं, इसमें तमिल सुपरस्टार सूर्या के विशिष्ट भूमिका निभाई है। यह फिल्म साल 2020 में आई तमिल फिल्म सूरारई पोट्रू का आधिकारिक रीमेक है। मूल फिल्म बनाने वाली सुधा कोंगरा ने ही इसका निर्देशन किया है। फिल्म को देखने के बाद अब लोगों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। बड़ी संख्या में इस फिल्म को लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। एक शख्स ने लिखा, 'माइंडलेस एक्शन फिल्मों की दुनिया में, सरफिरा किसी ताजी हवा के झोंके के जैसी है। इसे जरूर देखें। अक्षय कुमार वास्तव में वापस आ गए हैं। इससे पहले, हाल ही में सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन दिल्ली में किया गया था। इसे देखने के बाद एक्स पर लोगों ने फिल्म की तारीफ की थी। एक यूजर ने लिखा था, 'अक्षय कुमार ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया, परेश रावल भी अपने रोल में अच्छे लग रहे हैं, हर अभिनेता ने अच्छा काम किया लेकिन सूर्या कैमियो ने दिल जीत। कुल मिलाकर, फिल्म काफी अच्छी है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, "एक वाक्य में फिल्म का रिव्यू...वह वापस लौट आए हैं।'

# खूंखार विलेन की हीरो से ज्यादा थी फीस, लोग डरते थे, बच्चों का नाम नहीं रखते थे प्राण

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के खूंखार खलनायक का नाम जब जहन में आता है, तो सबसे पहले प्राण उर्फ कृष्ण सिकंद अहलूवालिया का नाम आता है। प्राण, एक भारतीय अभिनेता थे, जिन्हें भारतीय सिनेमा के इतिहास में अब तक के सबसे महान खलनायकों में से एक और 1940 से 1990 के दशक तक हिंदी सिनेमा में सहायक अभिनेता के रूप में जाना जाता है। वह भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे सफल और सम्मानित दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं। बता दें कि प्राण अपने समय के सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेताओं में से एक थे। 12 जुलाई को प्राण की पुण्यतिथि थी। उन्होंने 40 के दशक में नायक की कई भूमिकाएं निभाईं। इसके बाद 1942 से 1991 तक खलनायर के किरदार में जमकर धमाल मचाया था। 50 के दशक में प्राण खलनायक और सहायक अभिनेता के रूप में अपने करियर के चरम पर थे। स्क्रीन पर नकारात्मक किरदारों में उनका अभिनय हीरो के किरदार पर भी भारी पड़ता था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्मों में प्राण की खलनायकी इतनी दमदार हुआ करती थी कि लोगों ने अपने बच्चों का नाम 'प्राण' रखना बंद कर दिया था।



### पान की दुकान पर मिला पहली फिल्म का ऑफर

प्राण का जन्म 12 फरवरी 1920 में मुंबई में हुआ। अपनी खलनायक की भूमिका के लिये जाने जाते हैं प्राण। फिल्मफेयर पुरस्कार और बंगाली फिल्म जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन अवार्ड्स जीतने वाले भारतीय अभिनेता प्राण की फिल्मों को उनके प्रशंसक आज भी देखना पसंद करते हैं। प्राण की पहचान हिंदी फिल्म जगत के सबसे खूंखार विलेन के तौर पर की जाती है। 'राम और श्याम', 'मिलन', 'जंजीर' और 'डॉन' जैसी एक से बढ़कर शानदार फिल्मों में अभिनय का दमदार जौहर दिखा चुके अभिनेता प्राण की गिनती बॉलीवुड के महानतम कलाकारों में की जाती है। प्राण के फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने की दास्तान किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं है। उनको अपनी पहली फिल्म का ऑफर पान की दुकान पर मिला था।

### वली मोहम्मद को गुरु माना

प्राण को पहली फिल्म मिलने की कहानी बहुत फिल्मी है। प्राण अक्सर लाहौर में एक पान की दुकान पर जाया करते थे। उसी पान की दुकान पर मशहूर फिल्म राइटर वली मोहम्मद भी पान खाने जाते थे, जब वली मोहम्मद फिल्म यमला जट बना रहे थे, तो उसमें उन्हें खलनायक के रोल के लिए किसी नए चेहरे की तलाश थी। वली मोहम्मद की नजर जब प्राण पर पड़ी तो उन्होंने प्राण को मिलने के लिए बुलाया। प्राण ने वली मोहम्मद की बात को कोई तवज्जों नहीं दी, जब दोबारा दोनों की मुलाकात हुई तो वली ने प्राण को फिल्म में काम करने के लिये तैयार कर लिया। इसके बाद प्राण ने फिल्म 'यमला जट' में काम किया। इस फिल्म में अभिनय करने के बाद फिर कभी प्राण ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्राण ने जिंदगीभर वली मोहम्मद को अपना गुरु माना। प्राण ने अपने शानदार काम की बदौलत कई बार फिल्म फेयर का पुरस्कार जीता।

## गायिका मालिनी अवस्थी ने भंसाली को लताड़ा

**मुंबई।** भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित प्रसिद्ध गायिका मालिनी अवस्थी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने 'मिर्जापुर' और 'हीरामंडी' जैसी वेब सीरीज बनाने वाले निर्देशकों को खूब जमकर खरी खोटी सुनाई है। यूपी से निकली मशहूर गायिका मालिनी अवस्थी की दमदार और बुलंद आवाज पूरे देश में गूंजती हैं। वो ऐसी लोक गायिका हैं, जिनका कोई सानी नहीं है।



वह जब भी मंच पर आती हैं तो उनकी आवाज दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। मालिनी अवस्थी भोजपुरी इंडस्ट्री का जाना-माना चेहरा हैं। उन्होंने लोकगीत को अपनी आवाज में बुलंदियों पर पहुंचाया है। 57 साल की मालिनी ने 'दम लगाके हईशा' में 'सुंदर सुशील' गाना गाया। इसके अलावा वो 'बम बम बोले', 'एजेंट विनोद', 'इश्क' जैसी बॉलीवुड फिल्मों के लिए गाना गाया है। अब मालिनी ने 'मिर्जापुर' और 'हीरामंडी' जैसी वेब सीरीज बनाने वाले निर्देशकों की क्लास लगाई है। मालिनी ने वेब सीरीज 'हीरामंडी' और 'मिर्जापुर' को लेकर लिखा, 'हम तो यही समझते हुए बड़े हुए कि जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे कवि! लेकिन आज ओटीटी प्लेटफार्म पर कवि और कलाकार, इन्हें किस नजरिए से दिखाया जा रहा है! यह बहुत गंभीर विषय है। मिर्जापुर हो या हीरामंडी... सब वास्तविकता से कोसों दूर। कहानी, कल्पना फितूर उसपर तो क्या टिप्पणी की जाए, लेकिन इधर जो दिखा है उस पर खामोश रहना सही नहीं होगा।

